C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:47 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:31 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 275 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. सोमवार, 29 अप्रैल 2024

जूनियर एनटीआर के साथ डिनर पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### हादसा, दिल्ली पुलिस के एसआई की मौत



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान टनल में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की मौत टनल में बाइक फिसलने की वजह से हुई है। हादसा प्रगति मैदान टनल के अंदर हुआ है। दिल्ली पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब हादसा हुआ तो पास में एक ऑटो गुजरा था। दिल्ली पुलिस के एसआई की पहचान एन.के पवित्रन के रूप में हुई है। जो पूर्वी दिल्ली की क्राइम टीम में थे। वह इंडिया गेट से आईपी एक्सटेंशन की ओर टनल से जा रहे थे। तभी अचानक स्कूटर अनियंत्रित हो गया। फिलहास, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संयुक्त रूप से होगा मई दिवस का आयोजन

**हल्द्वानी।** एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर मई दिवस संयुक्त आयोजन समिति के बैनर तले अपराह्न चार बजे से हल्द्वानी बस अड्डे में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न यूनियनों और जनसंगठनों से जुड़े लोग हिस्सा लेंगे। यह जानकारी ट्रेड यूनियन ऐक्टू नेता कैलाश पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मजदूरों के आठ घंटे काम के कार्य दिवस के अधिकार को हासिल करने के लिए चले आंदोलन में शहीद हुए मजदूरों की याद में हर साल मनाया जाता है।

# राजनाथ सिंह ने नामांकन से पहले हनुमान सेतु मंदिर में की पूजा

**लखनऊ**

**एजेंसी**

लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पहले उन्होंने लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर में दर्शन किए।

लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह अब से थोड़ी ही देर में भाजपा मुख्यालय पहुंचेंगे। यहां से वह पार्टी रथ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उप



मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य नेताओं के साथ पार्टी कार्यालय से रवाना होंगे। नामांकन से पहले राजनाथ सिंह ने लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की। भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर में दर्शन किए। जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और नामांकन करेंगे। इस दौरान मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर भी मौजूद रहेंगे और अपना नामांकन दाखिल

## भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का रोड शो शुरू



केंद्रीय मंत्री व अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का रोड शो शुरू हो चुका है। वह आज नामांकन करेंगी। इसके लिए भाजपा ने भव्य रोड शो का आयोजन किया है। रोड शो में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए हैं और बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद हैं।

करेंगे। सोमवार सुबह से ही पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों का हुजूम देखने को मिला। ढोल नगाड़े के साथ लोग जुलूस में शामिल होने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में आधी रात में हादसा

# पिकअप वाहन और ट्रक की भीषण टक्कर, नौ लोगों की मौत

**छत्तीसगढ़**

**एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में आधी रात को भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में अब तक पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत नौ की मौत हो चुकी है। जबकि 23 लोग घायल हो गए। भाजपा विधायक दीपेश साहू ने जिला अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक पिकअप वाहन और ट्रक की टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत नौ की मौत हो गई। जबकि 23 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख जताया है। वहीं दूसरी घटना स्थल पर आज सुबह दुर्ग आईजी, दुर्ग संभाग कमिश्नर, बेमेतरा एसपी व कलेक्टर ने निरीक्षण किया है। बेमेतरा-सिमगा सीमा क्षेत्र के पास कठिया गांव में हुई सड़क दुर्घटना में बेमेतरा के पथर्रा गांव के 8 लोगों के निधन एवं 20 लोगों के घायल



होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश ज़िला प्रशासन को दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, हादसा बेमेतरा थाना इलाके के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पिकअप वाहन टकराने से दर्दनाक हादसा हुआ है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात कठिया गांव के पास हुई, पीड़ित एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। मृतकों की पहचान भूरी निषाद (50), नीरा साहू (55), गीता साहू (60), अगनिया साहू (60), खुशबू साहू (39), मधु साहू (5), रिकेश निषाद (6) और ट्विंकल निषाद (6) के रूप में हुई है। एक की पहचान बाकी है। अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल 23 लोगों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बाद में गंभीर रूप से घायल चार लोगों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर ले जाया गया। बाकी घायलों का इलाज जिला अस्पताल बेमेतरा में चल रहा है। बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बताया कि बेमेतरा हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है और 23 घायल हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आज फिर बदलेगा मौसम, सात जिलों में आंधी के साथ ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जिले के कुछ इलाकों में तेज गर्जन के साथ झोंकेदार हवाओं व ओलावृष्टि होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

पहाड़ से मैदान तक बदले मौसम के बाद भले ही रविवार को प्रदेशभर का मौसम सुहाना हुआ हो, लेकिन, आज सोमवार को एक बार फिर मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत सात जिलों के कुछ इलाकों में तेज गर्जन और आंधी के साथ ओलावृष्टि होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जिले के कुछ इलाकों में तेज गर्जन के साथ झोंकेदार हवाओं व ओलावृष्टि होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंहनगर में भी कहीं-कहीं बिजली चमकने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने के आसार हैं। इससे पहले बीते शनिवार को अचानक बदले मौसम के चलते आई आंधी से पहाड़ से लेकर मैदान तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी। साथ ही कई जगहों पर जलभराव होने व पेड़ गिरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था।



# राजधानी देहरादून में भीषण अग्निकांड 22 झोपड़ियां जलकर राख

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

राजधानी देहरादून में सुबह भीषण अग्निकांड की खबर सामने आई है। दून के खुड़बुड़ा मोहल्ले में आग से 22 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। अब तक मिली जानकारी के अनुसार मजदूर यहां तांबा जला रहे थे। तभी यह हादसा हो गया।

खुड़ बुड़ा मोहल्ला में भीषण अग्निकांड से आसपास हड़कंप मच गया। एक प्लॉट में टिन शेड में बनी 22 झुग्गी झोपड़ियां राख हो गई। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाले मज़दूर तांबा जला रहे थे। उसी वक्त हादसा हुआ। गनीमत रही कि आग से पहले ही सभी बच्चे और यहां रहने वाले लोग बाहर चले गए। आग से यहां पर रखें पांच छोटे सिलिंडर भी



फट गए। करीब एक घंटे में दमकल कर्मियों ने आग पर क़ाबू पास लिया। यहां पांच सिलिंडर एक साथ फटने से आग विकराल हो गई। हादसे की खबर मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने में टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गनीमत रही की हादसे में जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

# नेपाली मजदूर समेत सात को वनों में आग लगाते रंगे हाथ दबोचा

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

अलग-अलग वन क्षेत्र में आरक्षित वनों में आग लगाने वाले सात आरोपियों को वन विभाग की टीम ने रंगेहाथ दबोच लिया। इनमें से एक आरोपी नेपाली मूल का मजदूर है। लैंसडौन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज में पकड़े गए आरोप को जहां जेल भेज दिया गया है वहीं अन्य आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैंसडौन के वनकर्मियों ने जंगल में आग लगाते हुए एक नेपाली मजदूर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। उसके तीन अन्य साथियों ने भी आरोपी के खिलाफ बयान दिए हैं। भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैंसडौन के जयहरीखाल रेंज अधिकारी बीडी जोशी ने बताया कि रविवार को वनकर्मी कुल्हाड़ के नापखेतों में लगी आग बुझाने के बाद वापस लौट रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति कुल्हाड़ मोड़ के समीप सड़क



किनारे जंगल में आग लगा रहा था। वनकर्मियों ने उसे आग लगाते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके हाथ में गैस लाइटर भी था। जबकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही उसके तीन अन्य साथी पाइपलाइन बिछाने का कार्य कर रहे थे।

वनकर्मी चारों को पकड़कर रेंज कार्यालय लैंसडौन लाए। जहां तीनों गवाह राजेंद्र, सतीश कुमार और रंजीत सिंह ने नेपाली मजदूर टेकराम द्वारा जंगल में आग लगाए जाने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि चारो को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। कोतवाल लैंसडौन मोहम्मद अकरम ने बताया कि जंगल में आग लगाने के आरोपी नेपाली मजदूर टेकराम के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जल्द ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आरक्षित वनों में आग लगाने वाले 5 आरोपियों को वन विभाग ने दबोचा है। विभाग के अनुसार इन पांचों को खिर्सू की समीप आरक्षित वन में आग लगाते हुए देखा गया। विभाग आरोपियों को अब कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

डीएफओ गढ़वाल वन प्रभाग स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि रविवार को पौड़ी रेंज के तहत खिर्सू में आरक्षित वनों को आग से बचाने के लिए फॉरेस्टर जगदीश नेगी व उनकी टीम गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान टीम को पांच लोगों को खिर्सू के समीप आरक्षित वन में आग लगाते हुए दबोच लिया। विभाग के अनुसार आरोपियों के नाम मोसार आलम, नाजेफर आलम, फिरोज आलम, नुरुल व शालेम है। सभी बिहार के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि ये खिर्सू के चौबट्टा में रहते हैं और मजदूर हैं। वहीं नैनीताल के जंगल में लगी आग पर सीएम पुष्कर सिंह धामी का कहना है, हम भारतीय सेना समेत सभी संस्थाओं से मदद मांग रहे हैं। स्थानीय लोगों से भी आग बुझाने के लिए सहयोग करने को कहा जा रहा है।

....संबंधित खबर पेज 2 पर

# नैनीताल में एनडीआरएफ को लगाया आग बुझाने

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के जंगलो में आग लगने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को नैनीताल के भवाली एगेठिया समेत मनोरा रेंज के जंगल मे आग की घटनाएं देखने को मिली। जिन पर वन विभाग और दमकल की टीम ने नियंत्रण कर लिया।

तेजी से जंगल में बढ रही आग की घटनाओं से निपटने के लिए एयरफोर्स के बाद अब एनडीआरएफ की टीम को जंगल में लगी आग को बुझाने की जिम्मेदारी दी है। जिलाधिकारी की वंदना सिंह की मांग के आधार पर राज्य सरकार ने एनडीआरएफ की टीम को नैनीताल के जंगलों को बचाने का जिम्मा दिया है। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार ने बताया गदरपुर बेस कैंप से 40 सदस्यीय टीम नैनीताल पहुंची है। जो नैनीताल के मनोरा रेंज, भवाली, भीमताल समेत आसपास के क्षेत्र के जंगलों में लगी आग को नियंत्रित करने का काम करेगी।





आपको बताते चलें कि बीते चार दिनों से नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में तेज आग लगी हुई है जिसे बुझाने के लिए वन विभाग दमकल कर्मी समेत अब तक भारतीय वायु सेना का सहारा लेना पड़ा। तो वहीं अब एनडीआरएफ को भी आग बुझाने के काम में लगाया गया है। जंगलों की आग से अब तक पहाड़ों के हजारों हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गए हैं जंगलों में तेजी से बढ़ ही आज की घटनाओं से निपटने के लिए राज्य सरकार भी अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने आग पर नियंत्रण पाए जाने को लेकर राज्य सरकार से एनडीआरएफ की मांग की थी। जिलाधिकारी की मांग पर राज्य सरकार ने गदरपुर सेंटर से एनडीआरएफ की टीम को नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए भेजा है।

मामले में डीएफओ चंद्र शेखर जोशी ने बताया कि एनडीआरएफ के जवानों को भवाली के महेश खान और नैनीताल के मनोरा रेंज में लगाया गया है जो आग के दृष्टि से काफी संवेदनशील है।

वहीं एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार ने बताया गदरपुर बेस कैंप से 40 सदस्यीय टीम नैनीताल पहुंची है। जो नैनीताल के मनोरा रेंजएभवालीएभीमताल समेत आसपास के क्षेत्र के जंगलों में लगी आग को नियंत्रित करने का काम करेगी।

## केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**हल्द्वानी।** नहाने के दौरान अश्लील फोटो खींच कर उसे ब्लैक करने, रकम वसूलने और मामले में केस वापस लेने की धमकी देकर एक महिला को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस मामले में महिला ने न्यायालय की शरण ली है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम भट्टपुरी बाजपुर हाल निवासी त्रिमूर्ति मंदिर कमलुवागांजा निवासी राखी सैनी पत्नी रमेश सैनी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की अदालत में वाद दायर किया है जिसमें उसका कहना है कि उसका पति मजदूरी करता है। उन्हीं के साथ विरान के मजरे स्वार रामपुर निवासी राहुल सिंह पुत्र मोहर सिंह भी मजदूरी करता है जिस कारण से उसका उसके घर पर आना जाना लगा रहता है। आरोप है कि राहुल सिंह ने उसकी नहाते हुए फोटो खींच ली और उसे ब्लेक मेल करने लगा। फोटो वायरल करने की धमकी उससे दो लाख रूपए ऐंठ लिए। आरोप है कि राहुल ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया। मामले की शिकायत मुखानी थाना पुलिस में की तो पुलिस ने कार्रवाई नहीं की और आपसी समझौते के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया।



## रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग करने के लिए सम्मानित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय तथा कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) तथा विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय द्वारा समाजसेवी डॉ. सरस्वती खेतवाल तथा राजकीय बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय के रक्त कोष प्रभारी डॉ.प्रियांशु श्रीवास्तव तथा सहयोगी रजनीश मिश्र को उनकी ओर से बीते दिनों डीएसबी परिसर में लगे रक्तदान शिविर में हर संभव विशेष सहयोग करने के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

काबिलेगौर है कि राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल की यह टीम डीएस बीपरिसर नैनीताल में विगत वर्षों से आयोजित रक्तदान शिविर में महत्वपूर्ण सहयोग करती आ रही है। उनके अतुलनीय मानवीय योगदान हेतु उनको धन्यवाद दिया गया। इस महत्वपूर्ण परंपरा तथा जागरूकता का कार्य राजकीय बी.डी.पांडे चिकित्सालय द्वारा सेवा के रूप में किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रो.ललित तिवारी निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ0 विजय कुमार समेत डॉ. दीपक कुमार तथा डॉ. ललित मोहन समेत कुंदन व बिशन द्वारा सभी को सम्मानित तथा धन्यवाद दिया गया ।

## अंडर-16 क्रिकेट जिला लीगः हल्द्वानी कोल्ट्स चैंपियन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अंडर-16 क्रिकेट जिला लीग के फाइनल में हल्द्वानी कोल्ट्स ने जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में कार्तिक जोशी ने नौ विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित जिला लीग का फाइनल मैच कमलुवागांजा स्थित मैदान में हल्द्वानी कोल्ट्स व डीके स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। कोल्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 ओवर में सभी विकेट खोकर 250 रन बनाये। टीम के लिये अमन बघेल ने 82 व करन भंडारी ने 53 रन की शानदार पारी खेली। डीके स्पोर्ट्स के वेदांत बिष्ट व राकेश बिष्ट ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम 161 रन पर आलआउट हो गई। अथर्व अग्रवाल ने 59 व अर्नव पंत ने 47 रन बनाये। कोल्ट्स के लेग स्पिनर कार्तिक जोशी ने इतिहास रचते हुए 10 ओवर में 42 रन देकर नौ विकेट लिए। लीग का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज व मैन ऑफ द मैच कार्तिक जोशी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अर्थव अग्रवाल, मैन ऑफ द सीरीज अमन बघेल चुने गये।

अंपायरिंग हिमांशु चतुर्वेदी व गौरव कांडपाल ने की तथा स्कोरिंग हरप्रीत कंबोज ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता शंकर कोरंगा, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता योगेश जोशी, सीएयू के संयुक्त सचिव सुरेश सोनियाल, पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, जिला नैनीताल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, हर्ष गोयल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जगमोहन बगड़वाल, संजय चौधरी, आनंद बिष्ट, नरेंद्र अधिकारी, अमित बिष्ट, अमित कांडपाल, अमर पाल, मनोज भट्ट, कमल जोशी, मनीष वर्मा, नीरज डसीला, हिमांशु जोशी, अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

## NEWS / फटाफट

### संयुक्त कर्मचारी महासंघ केएमवीएन की बैठक



**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम की अहम बैठक रविवार को पर्यटक आवास गृह सूखाताल में महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में सभी वक्ताओं ने 29 अप्रैल (आज) को होने वाले अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारियों का आह्वान किया। बैठक में अधिवेशन को भव्य बनाने के लिए पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवेशन में भावी रणनीति तय की जाएगी । बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला,उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, गणेश चन्याल,त्रिभुवन पुनेठा, संतोख बिष्ट ,चंचल सिंह,बेद प्रकाश भट्ट, कल्याण राम, लक्ष्मण राम, भगवान सिंह सहित विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पॉलीशिट वार्ड में दो साल पहले खोदी सड़क अब होगी दुरुस्त



**हल्द्वानी।** वार्ड-पांच पॉलीशिट में दो साल से खराब पड़ी सड़क अब दुरुस्त की जा रही है। इस सड़क की बदहाली से गुस्साये वार्डवासियों ने पूर्व में तमाम बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे थे। वार्ड के तुलसीनगर क्षेत्र में करीब दो साल पहले गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई थी। लंबे समय से सड़क बदहाल पड़ी होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नालियों का गंदा पानी घरों में घुस रहा था। इधर सोमवार को सड़क की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। इस पर वार्डवासियों ने हर्ष जताया है। समाजसेवी विक्रम अधिकारी व पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया ने नगर निगम प्रशासन का आभार जताया। खुशी जताने वालों में वार्ड के शिव मंदिर समिति के उपाध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, नरेंद्र शाह, गोपाल चौहान आदि शामिल हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

## गोवर्धन हाल में ऐतिहासिक राजभवन का 127वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल स्थित गोवर्धन हाल में रविवार को ऐतिहासिक राजभवन का 127वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अतिथियों की ओर से केक भी काटा गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमाऊं विवि डीएसबी परिसर के अटल पत्रकारिता व जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार प्रो. गिरीश रंजन तिवारी ने ऐतिहासिक राजभवन के इतिहास और उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला,प्रो.तिवारी ने इस दौरान ताल चैनल के दिवंगत निर्देशक दीपक बिष्ट को याद करते हुए कहा कि दीपक ने ही ऐतिहासिक राजभवन का जन्मदिन मनाना ने परंपरा को नैनीताल में शुरु किया था,बोले कि वर्तमान में वह हमारे बीच नहीं है जिसकी काफी कमी महसूस हो रही है।



साथ ही उन्होंने कहा कि राजभवन नैनीताल की शोभा में अभिवृद्धि करता है। विशिष्ट अतिथि आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल ने राजभवन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए राजभवन की विशेषताओं से सभी को रूबरू कराया और कार्यक्रम में मौजूद बच्चों से राजभवन से संबंधित प्रश्न भी पूछे। अंत में कार्यक्रम की मुख्य आयोजक शालिनी बिष्ट ने उपस्थित सभी लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सैनिक विद्यालय की अध्यापिका नेहा अधिकारी और सैनिक स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ट्रांजिट कैंप पुलिस ने दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया, नगदी समेत अन्य सामान बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो सट्टेबाजों को हजारों की नगदी समेत सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस के मुताबिक एसआई रवीश राम, अपर उप निरीक्षक भरत सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी चैकिंग करते हुए शिवनगर के पास पहुंचे। इसी बीच पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी शमशान घाट रोड़ पर शराब भट्टी के साथ गली में आजाद नगर में दो लोग सट्टा लगा रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां पर दो लड़के सट्टे की खाई बाड़ी करते दिखाई दिये। पुलिस को देख वहां खड़े लोग भागने लगे।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो लोगों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम पता विश्वजीत सेन पुत्र रंजीत सेन मूल निवासी ग्राम राजा कालोनी पोस्ट न्यूरिया थाना न्यूरिया पीलीभीत हाल निवासी संजय नगर तथा सुदीश गुप्ता पुत्र राम भरोसे गुप्ता निवासी वार्ड 4 आजाद नगर मूल निवासी ग्राम पटेल नगर थाना मिलक जिला रामपुर बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 2720 रुपये नगद, डायरी, पेन आदि बरामद किया। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# अभिमत

## सुविधा का दुरुपयोग

***ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ ही सोशल मीडिया पर तथाकथित बिना डिग्री वाले डाक्टर रोगों की दवा शर्तिया इलाज के नाम पर बता रहे हैं। झोलाछाप डाक्टर और नीम-हकीम की बातों से गुमराह होकर अपने मन से दवा लेने वाले जानलेवा बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। पीजीआई, केजीएमयू के गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. सुमित रूंगटा के अनुसार प्रोटीन, दवाएं, सप्लीमेंट सेहत बिगाड़ रहे हैं। इनका लिवर, गुर्दा और अन्य अंगों पर घातक असर हो रहा है। सोशल मीडिया पर वजन घटाने, शुगर, बीपी और अन्य बीमारियों को ठीक करने का दावा करते हुए दवा बताने वालों की भरमार हो गई है।***

विज्ञान और तकनीक में नई खोज से सुविधाओं का विकास हुआ है। सुविधा का सदुपयोग करने से विश्व के हर क्षेत्र में जिंदगी आसान हुई है और अनगिनत लाभ हुए हैं। नई-नई तकनीक वरदान साबित हो रही है, वहीं तकनीक एवं सुविधा का दुरुपयोग अभिशाप और अक्षम्य अपराध है। कुछ वर्षों से ऑनलाइन व्यापार का प्रचलन बढ़ा है। युवा पीढ़ी इस मामले में आगे है। ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा हेल्थ ड्रिंक के नाम पर अधोमानक उत्पाद बेचे जा रहे हैं। केन्द्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा कि पोर्टल से हेल्थ ड्रिंक श्रेणी के पेय पदार्थों को हटाया जाए। खाद्य सुरक्षा मानक नियामक ई-कॉमर्स के माध्यम से बेचे जा रहे खाद्य उत्पादकों का वर्गीकरण सुनिश्चित करे। हेल्थ ड्रिंक और जिम जाने वालों को विभिन्न सप्लीमेंट से लोग बीमार हो रहे हैं। युवा लिवर, किडनी, आंख, हृदय रोग से पीड़ित हो रहे हैं। ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ ही सोशल मीडिया पर तथाकथित बिना डिग्री वाले डाक्टर रोगों की दवा शर्तिया इलाज के नाम पर बता रहे हैं। झोलाछाप डाक्टर और नीम-हकीम की बातों से गुमराह होकर अपने मन से दवा लेने वाले जानलेवा बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। पीजीआई, केजीएमयू के गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. सुमित रूंगटा के अनुसार अनावश्यक प्रोटीन, दवाएं, सप्लीमेंट सेहत बिगाड़ रहे हैं। इनका लिवर, गुर्दा और अन्य अंगों पर घातक असर हो रहा है। सोशल मीडिया पर वजन घटाने, शुगर, बीपी और अन्य बीमारियों को ठीक करने का दावा करते हुए दवा बताने वालों की भरमार हो गई है। कम पढ़े-लिखे लोगों के साथ उच्च शिक्षित भी सोशल मीडिया के कथित डॉक्टरों पर भरोसा करते हैं। कोरोना वायरस के प्रकोप के बाद लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है। योगासन, सुबह-शाम टहलने को बहुत से लोगों ने दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। योगासन से स्वस्थ एवं निरोगी काया के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता स्वतः बढ़ती है। भारत के अतिरिक्त विदेश में भी योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। योग में पारंगत प्रशिक्षकों को रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उधर हेल्थ ड्रिंक, प्रोटीन व विटामिन के सप्लीमेंट से लोग रोगी हो रहे हैं। लेडी हार्डिंग अस्पताल के निदेशक डॉ. सुभाष गिरी के अनुसार सोशल मीडिया पर बताई गई दवाओं से बीमार होकर अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या बढ़ रही है। भारत में प्राचीनकाल से निरोगी रहने के लिए योगासन की विधा रही है, लेकिन आधुनिकता की होड़ में जिम का प्रचलन हुआ। जिम में व्यायाम से लाभ होता है, परन्तु पौष्टिक खाद्य के नाम पर सप्लीमेंट हानि पहुंचा रहे हैं।

# पुलिस पर परेशान करने का आरोप, कोतवाली घेरी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल कोतवाल और पुलिस पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए बीते रोज रविवार को टैक्सी बाइक यूनियन द्वारा नैनीताल क्लब में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से तय किया गया कि मामले को लेकर सोमवार (आज) को मल्लीताल कोतवाली का घेराव किया जाएगा।

बैठक में चालकों का कहना था कि पुलिस द्वारा बेवजह उनके वाहनों के भारी भरकम चालान काटे जा रहे हैं, कहा कि दिनभर में टैक्सी बाइक चालक मुशिकल से 500 रुपये कमाते हैं लेकिन पुलिस द्वारा उनके हजारों के चालान काटे जाने से उनकी पूरे महीने भर की आय एक चालान भरने में भी लग जा रही है जिससे उनकी रोजी रोटी का संकट मंडराने लगा है। कहा कि पुलिस के अनुसार उनके द्वारा सभी नियमों का पालन किया जा रहा है,पार्किंग नही होने के चलते पुलिस ने



टैक्सी बाइकों को सडक् के किनारे सफेद पट्टी से अंदर खड़े करने को कहा गया था।

जिसका हमारे द्वारा पालन भी किया जा रहा है उसके वावजूद पुलिस द्वारा हर रोज बिना किसी गलती के भी चालानी कार्यवाही की जा रही है,जिससे परेशान होकर अब सभी चालकों द्वारा सोमवार (आज) को मल्लीताल कोतवाली का घेराव करने का निर्णय लिया है।

दूसरी ओर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व निवर्तमान सभासद मनोज जोशी ने कहा कि बीते कुछ समय से पुलिस द्वारा यातयात का हवाला देकर टैक्सी बाइक चालको को परेशान किया जा रहा है और बिना किसी गलती के चालान काटे जा रहे है जिसको वहन करना इन लोगों के बस नहीं है। कहा कि किसी के साथ भी अन्याय सहन नही किया जाएगा। इस दौरान युवा अधिवक्ता नितिन सिंह कार्की, मनोज जोशी सहित दर्जनों टैक्सी बाइक चालक मौजूद रहे।

## गौवंशीय पशुओं को पकड़ने को चलाया अभियान

**हल्द्वानी।** शहर में घूमने वाले गौवंशीय पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम व पशु विभाग की टीम ने अभियान चलाया। जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम ने सड़कों में आवारा घूम रहीं 11 गायों को पकड़ा। आठ पशुओं की टैगिंग की गई। इस बीच गाय पालने वाली महिला के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। गौवंशीय पशुओं को अस्थायी गौशाला में रखा गया है। इस दौरान गाय पालकों से कहा गया कि वे पशु को वापस लेने के लिए नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

## वन्देमातरम ग्रुप रुद्रपुर की सूझबूझ से बच्चे को परिवार से मिलाया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

वन्देमातरम ग्रुप रुद्रपुर ने पुलिस ने लापता बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बालक के मिलने पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

बताया जाता है कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी अर्जुन नाम का बालक घर कहीं चला गया। परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे। इसी दौरान वंदेमातरम् ग्रुप रुद्रपुर के सदस्य अकुंर को जानकारी मिली तो उन्होंने



लापता बालक को क्षेत्र में तलाश की। बालक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में मिला। बालक ने अपने पिता का नाम सत्येन्द्र बताया। बाद में बालक को ट्रांजिट कैंप पुलिस के पास सुरक्षित रखवाया। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि बालक के परिजनों की तलाश शुरू की। बालक के परिजनों के मिलने पर उन्हें थाने बुलाया। परिजनों के थाने में आने के बाद बालक को उनके सुपुर्द किया। वन्देमातरम ग्रुप रुद्रपुर के संस्थापक संजय कुमार ने बताया कि ग्रुप के सक्रिय सदस्य अंकुर की सूझबूझ से बालक मिला। परिजनों ने वंदेमातरम् ग्रुप और पुलिस का आभार जताया। समाज के प्रति ऐसे जागरूक रहने के लिए कहा।

## पुलिस अधीक्षक ने किया फायर स्टेशन नैनीताल का निरीक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी में बीते रोज रविवार को हरवंश सिंह, पुलिस अधीक्षक, अपराध/यातायात नैनीताल द्वारा फायर स्टेशन नैनीताल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान श्री सिंह ने कार्यालय, वाचरूम, स्टोर से सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन कर वाहन/मशीनों के बारे मे जानकारी ली तत्पश्चात उनके द्वारा भोजनालय व कर्मचारी बैरक चेक कर कर्म को उच्च कोटि का



अनुशासन बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं ठीक पाए जाने पर फायर स्टेशन पर राजकीय संपत्ति का उत्तम रखाव, साफ सफाई हेतु समस्त अधि/कर्म का हौसला अफजाई की है इस दौरान एफएसओ किशोर उपाध्याय हरपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली मल्लीताल और पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## दुकान में घुसकर नगदी चुराई

**हल्द्वानी।** चोरों ने दुकान में लगा शीशा तोड़ कर दुकान के गल्ले में रखी नगदीऔर बैंक की पासबुक चुरा ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेलवे बाजार निवासी शिवम गुप्ता पुत्र स्व. जितेंद्र गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी शक्ति विहार गली नंबर 1 में श्रीजी ट्रेडर्स के नाम से प्रतिष्ठान है। 28 अप्रैल की सुबह वह जब अपने प्रतिष्ठान पर पहुंचा तो उसके कार्यालय का शीशा टूटा हुआ था और गल्ले में रखी 3 हजार रूपए की नगदी और पासबुक गायब थी।

# फिल्मी दुनिया

## जूनियर एनटीआर के साथ डिनर पर पहुंचे ऋतिक-सबा, आलिया का हाथ थामे रणबीर







*साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। अभिनेता इस हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म की शूटिंग के लिए मुंबई आए हुए हैं। ऐसे में वे हाल ही में ऋतिक रोशन और अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ मुंबई में डिनर के लिए पहुंचे। एनटीआर इस दौरान अपनी पत्नी के साथ पहुंचे थे। इसके अलावा रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और करण जौहर भी इस दौरान इनके साथ में दिखाई दिए। सोशल मीडिया इस दौरान की तस्वीरें छाई हुई हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर इस दौरान क्लीन शेव लुक में दिखाई दिए, जिसे सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। फैंस का कहना है कि रणबीर रामायण के श्रीराम लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ऑल ब्लैक लुक में बेहद हैंडसम दिख रहे थे। रणबीर डिनर पर आलिया भट्ट के साथ पहुंचे। इस दौरान वह आलिया का हाथ थामे दिखाई दिए। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इस दौरान परफेक्ट कपल की तरह दिखाई दिए। पैजराजी ने दोनों की खूब तस्वीरें खींची, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आलिया इस दौरान सफेद रंग की फ्लोरल वन शोल्डर ऑफ गाउन में दिखाई दीं। इस दौरान अभिनेत्री बेहद खूबसूरत दिख रही थीं। जूनियर एनटीआर भी इस दौरान ऑल ब्लैक लुक में बेहद हैंडसम लग रहे थे।*

### तस्वीरें सोशल मीडिया पर

*साउथ सुपरस्टार ने धमाकेदार एंट्री मारी, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। अभिनेता के साथ उनकी पत्नी भी डिनर के लिए पहुंची थीं। हालांकि उन्होंने पैपराजी के सामने कोई तस्वीरें नहीं करवाई। वह ऑफ शोल्डर टॉप और स्कर्ट में नजर आई। मुंबई में बांद्रा के रेस्तरां में डिनर के लिए ऋतिक रोशन भी अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ पहुंचे। ऋतिक रोशन इस दौरान कैजुअल लुक में दिखाई दिए। अभिनेता ने भी पैपराजी के सामने तस्वीरें नहीं क्लीक करवाई। वहीं करण जौहर भी ब्लैक आउटफिट में दिखाई दिए।*

## ताकि कोई भी पशु पक्षी प्यासा ना रहे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जहा एक तरफ दिनप्रतिदन गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जहाँ एक ओर इंसान अपनी प्यास बुझाने में तो सक्षम है और वही दूसरी तरफ बेजुबान पशु पक्षियों के लिए किसी भी प्रकार का कोई पानी का संकट खड़ा ना हो इस बात का ध्यान रखते हुए,

वंदे मातरम ग्रुप के द्वारा इस भीषण में हल्द्वानी के विभिन्न स्थानों पर पशु-पक्षियों के लिए प्याऊ लगाए जा रहे हैं, वंदे मातरम ग्रुप के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह दानू ने बताया कि उनके द्वारा गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हल्द्वानी के रामपुर रोड, मेडिकल कॉलेज ,हीरानगर आवास विकास, धान मिल, बरेली रोड मंडी ,मुखानी, ऊँचापुल आदि स्थानों पर प्याऊ लगाए गए हैं जिससे कि इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों को पीने के लिए जल मिल सके, उन्होंने शहर भर में विभिन्न लोगों को प्याऊ वितरित किए जा रहे हैं और लोगों से निवेदन किया है कि आप प्रतिदिन जरूर इन प्याऊ में पानी भरने का कार्य करें जिससे कि आपके आसपास जो भी पशु पक्षी हैं उन्हें पीने के लिए जल मिल सके, जल मनुष्य हो या पशु पक्षी सभी के लिए बेहद जरूरी है। इस मुहिम वंदेमातरम ग्रुप के गौरव पांडे, सुनील सनवाल, अभिनव वार्ष्णेय, हेमंत बिष्ट, विजय महतोलिया, जय उप्रेती, आयुष जोशी आदि के द्वारा चलाया जा रहा है।















# वेदक 2024: कलाकारों ने बांधा समां







**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

नूपुर कल्चरल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अपने प्रेरणास्त्रोत स्वर्गीय वेदप्रकाश गुप्ता कि स्मृती में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम वेदक 2024 के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, क्षेत्रीय निवर्तमान पार्षद अमित बिष्ट, भारत विकास परिषद हल्द्वानी शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज,बीएलएम एकेडमी ,प्रबंधक साकेत अग्रवाल व संस्थाध्यक्ष मीनू अग्रवाल बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट, द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नूपुर कला केंद्र के कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना द्वारा माँ सरस्वती से कार्यक्रम की सफलता का आशीर्वाद लिया गया।

नूपुर के कलाकारों द्वारा आज के कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण श्री रामलीला का बहुत ही सुंदर संगीतमय नृत्य नाटिका प्रस्तुत की और उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। भारतीय संगीत कि विश्व में एक अलग पहचान है। यह कार्यक्रम कलाकारों के लिये प्रेरणा बनेगा। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि यह कार्यक्रम नूपुर का एक अच्छा प्रयास है। यह कार्यक्रम नूपुर द्वारा अपने संस्थापक स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता जी स्मृति में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा। स्थानीय लोगों को राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय कलाकारों को देखने व सुनने का अवसर प्राप्त होगा। संस्थाध्यक्ष मीनू अग्रवाल बिष्ट ने कहाँ कि दो दिवसीय यह सांस्कृतिक संगम में फोक डांस व गायन प्रतियोगिता रखी गयी है और कार्यक्रम उदयीमान कलाकारों व संगीतकारों को मंच प्रदान करता है जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिल सकेगा।अंतराष्ट्रीय कलाकारों से भी स्थानीय कलाकारों को बहुत कुछ सिखने को मिलता है। कार्यक्रम के अंत में कल से चल रहीं प्रतियोगिताओं के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।आज के कार्यक्रम में फोक डांस प्रतियोगिता में डी पी एस रुद्रपुर, जेसिज रुद्रपुर, बीएलएम एकेडमी, के वी एम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, डी ए वी स्कूल आदि के विद्यार्थियों ने रंग जमाया। सिंगिंग प्रतियोगिता में डी पी एस रुद्रपुर, जैसीज रुद्रपुर, के वी एम, महर्षि व डी ए वी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कुमाउनी, पार्वतीय, राजस्थानी व पंजाबी लोक गीतों से शमा बांध दिया।कार्यक्रम में नूपुर संरक्षिका आदेश अग्रवाल,सौम्या अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, तरुण बंसल, पुनीत अग्रवाल, माला बिष्ट, बीएलएम प्रधानाचार्य गायत्री कंवर व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हरबोला, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, निवर्तमान पार्षद मधुकर श्रोत्रिय,सारथी संयोजक नवीन पंत, ज्ञानेंद्र जोशी, नूपुर स्टाफ मंजू बिष्ट, दिनेश जोशी, हिमानी भंडारी, सोनी आर्य, अभिषेक, विजय पांडेय, चित्रा ढेला, गंगा थापा, शिल्पी, आशा, दीपा, भारती, शैलेन्द्र नयाल,व नूपुर ऊँचापुल शाखा, देवलचौड़ शाखा का समसत स्टॉफ व श्रोता मौजूद रहे।

## प्याज सप्लाई के नाम पर महिला उद्यमी से लाखों की ठगी

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

प्याज सप्लाई के नाम पर एक व्यक्ति ने महिला उद्यमी से लाखों रूपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने पुलिस से ठगी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। माधवी पचौरी निवासी भिन्ड, मध्य प्रदेश,हाल शिव शक्ति मंदिर आवास विकास रुद्रपुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह मैसर्स श्री बालाजी इंटर प्राईजेज के नाम से व्यवसायिक फर्म चलाती है।

फर्म स्पेयर पार्टस एवं प्याज खरीद एवं विक्रय का कार्य करती है। महिला के मुताबिक एक व्यत्तिफ़ अभिजीत घोष पुत्र माखन लाल घोष निवासी ईटालगाछा, 24 उत्तरी परगना पश्चिम बंगाल ने उसकी फर्म के प्रतिनिधि सौरभ राय के माध्यम से उससे सम्पर्क कर बताया कि वह मैसर्स ग्लोबल लाईजेनिंग वैंचर के नाम से फार्म चलाता है और उनकी फर्म का कार्यालय गूहा रोड , दमदम कलकत्ता पश्चिम बंगाल में है। फर्म मे प्याज आदि का विक्रय करते है । उसने अपनी फर्म का प्याज बेचने का प्रस्ताव रखते हुए बताया कि उनकी फर्म के पास बडी मात्रा में प्याज का स्टाँक है और वह उचित दामों पर प्याज उपलब्ध करा सकता है। वह अभिजीत घोष की बातो पर विश्वास करके उसकी फर्म से प्याज खरीदने पर सहमति दे दी। अभिजीत घोष ने प्याज अग्रिम भुगतान के उपरान्त 15 दिनो के अन्दर प्याज उपलब्ध कराने का वादा किया। जिसके बाद अपनी फर्म श्री बालाजी इंटर प्राईजेज के नाम से 34,67,709 रुपये का चैक से भुगतान किया। उक्त धनराशि के मध्य अभिजीत घोष ने फर्म को 5 नवम्बर 20 को 3,64,278 रुपये का प्याज सप्लाई किया। 31,03,431रुपये अभिजीत घोष की ओर आज तक बकाया चला आ रहा है। अभिजीत घोष को बार बार कहने के बावजूद भी वह लगातार टाल मटोल करता आ रहा है।

आरोप है कि उत्तफ़ धनराशि प्राप्त करने के बावजूद अभिजीत घोष ने प्याज की सप्लाई नही की है। संदेह होने पर जानकारी ली तो पता चला कि अभिजीत घोष व उसकी फर्म मैसर्स ग्लोबल लाईजेनिंग वैंचर के पास प्याज उपलब्ध नहीं है और उसके साथ सुनियोजित षडयंत्र के तहत धोखाधडी कर 31,03,431 रुपये की धनराशि हडप ली है। उक्त व्यक्ति द्वारा कोई कार्रवाई करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। थाने के प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली और जांच शुरू कर दी।

## श्री गंगनाथ मंदिर में दो दिवसीय रामचरित मानस का अखंड पाठ

**नैनीताल।** जिले के ज्योलीकोट के समीप ग्राम गांजा स्थित श्री गंगनाथ मंदिर में दो दिवसीय रामचरित मानस का अखंड पाठ का हवन ,पूजा तथा भजन कीर्तन के भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

समापन के मौके पर प्रसाद और भंडारे का विशेष आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में दिए सहयोग के लिए आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## फड़ कारोबार को नियंत्रित करने पालिका प्रशासन एक्टिव

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल स्थित चर्चित पंत पार्क में एक बार फिर से फड़ कारोबार को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है।

पालिका प्रशासन ने पालिका स्तर पर टीम का गठन कर फड़ कारोबारियों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। अगले कुछ दिनों तक चलने वाले इस विशेष सत्यापन अभियान में पालिका की ओर से तय किए गए मानकों के बाद फड़ कारोबारियों की फ इनल सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद उन्हें चिन्हित किए गए वेंडर जोन में विस्थापित कर दिया जाएगा। बता दें कि कई वर्षो से पंत पार्क में फड़ कारोबार अव्यवस्थाओं का अड्डा बना हुआ है। पूर्व में पालिका की ओर से 121 लोगों को लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिसके विपरीत पार्क में कई गुना अधिक लोग फड़ों का संचालन कर रहे हैं जिसकी रोकथाम को लेकर अब पालिका प्रशासन एक्टिव मोड में आ गयी है। पालिका की ओर से पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया है। टीम ने रविवार की शाम टीम को फड़ों पर जाकर कारोबारियों का सत्यापन किया। मामले में पालिक के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि फड़ के लाइसेंस जारी करने के लिए कुछ मानक निर्धारित किये गए हैं जिसमें से फड़ संचालक को पालिका क्षेत्र का स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा। सत्यापन के लिए स्थाई निवास प्रमाण पत्र अथवा वोटर आईडी कार्ड दिखाना होगा।

आधार कार्ड मान्य नहीं होगा। इसके अलावा फड़ के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति किसी अन्य साधनों जैसे टैक्सी वाहन तथा किराए में भवन समेत अन्य साधनों से आय अर्जन न कर रहा हो। फड़ के साथ ही आवेदकों के घर-घर जाकर भी सत्यापन किया जाएगा। जल्द ही सर्वे पूरा कर नई सूची जारी की जाएगी।

## मुलाकात: निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार कुमाऊं के दौरे पर

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष और टिहरी से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ चुके बॉबी पंवार इन दिनों कुमाऊं के दौरे पर हैं।

इस दौरान आज दोपहर उन्होंने हल्द्वानी पहुंचकर स्थानीय युवाओं के साथ मुलाकात करी,कुछ दिन पूर्व उनके आंदोलनकारी साथी कार्तिक उपाध्याय के पिता का देहांत हो गया था बॉबी उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की। इससे पूर्व बॉबी ने कुमाऊं के न्याय देवता चितई गोलू,जागेश्वर मंदिर एवम कैंची मंदिर के भी दर्शन किए,साथ ही भवाली में युवाओं से भी मुलाकात की। बॉबी पवार ने युवाओं से आगे की राजनीतिक लड़ाई के लिए तैयार होने को कहा है बॉबी का कहना है कि वर्तमान में जो प्रदेश के हालात चल रहे हैं इन हालातो को बदलने के लिए उत्तराखंड के युवाओं को उत्तराखंड की राजनीति में समय देने की आवश्यकता है राज्य को बचाने के लिए युवाओं को स्वयं के हाथ में राज्य की सरकार रखनी होगी ताकि प्रदेश हित में स्वयं युवाओं के हित में युवा नीतियों का निर्माण कर सकें बॉबी ने कहा कि जल्द ही प्रदेश की दोनों सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर आंदोलनकारी युवा बैठक करेंगे उसमें आगे की रणनीति को लेकर चर्चा होगी लेकिन यह स्पष्ट है कि आंदोलनकारी युवाओं का यह खेमा उपचुनाव में प्रतिभा अवश्य करेगा।